**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಲಿ**
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**
Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

**2021-22 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ**
**2021-22 MODEL QUESTION PAPER**
**(ಎನ್.ಸಿ.ಇ.ಆರ್.ಟಿ. ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / NCERT Syllabus)**

| | |
|---|---|
| **ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60-H** |
| **Subject : THIRD LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 60-H** |
| **ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80** |
| **Time : 3 hrs.** | **Max. Marks : 80** |

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**
**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं. उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए –** 8 x 1 = 8

1. **'आजादी' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –**

   A. परतंत्र  B. स्वतंत्र

   C. पंचतंत्र  D. अतंत्र।

2. **निम्नलिखित शब्दों में बहुवचन शब्द है –**

   A. रोटियाँ  B. चींटी

   C. आवाज  D. दीवार।

3. **'उपस्थित' शब्द का विलोम रूप है –**

   A. व्यवस्थित  B. अव्यवस्थित

   C. अनुपस्थित  D. चर्चित।

4. **निम्नलिखित में से 'उपसर्गयुक्त' शब्द है –**

   A. बेहोश  B. शब्दहीन

   C. ऐतिहासिक  D. छटपटाहट।

5. **दोषी ............. सजा दी गयी।**
   **इस वाक्य के लिए उचित कारक है –**

   A. में  B. का

   C. पर  D. को।

6. **क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालुम ?**
   **इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है –**

   A. विधानवाचक  B. निषेधात्मक

   C. प्रश्न वाचक  D. विस्मयादिबोधक।

7. **'पुरुषोत्तम' शब्द में संधि है –**

A. दीर्घ संधि
B. गुण संधि
C. यण् संधि
D. अयादि संधि।

8. **'आग बबूला होना' इस मुहावरे का अर्थ है –**

A. आग से जलना
B. आग में कूदना
C. बहुत क्रोधित होना
D. दुर्घटना होना।

**II. जोड़कर लिखिए –** **4 x 1 = 4**

| [A] | [B] |
|---|---|
| 9. मीरा के पद में | a] राम भक्ति |
| 10. कंपनी बाग के मुहाने पर | b] नेक और मददगार |
| 11. तताँरा वामिरो | c] रॉबिनहुड की याद |
| 12. वजीर अली के अफ़साने | d] कर्नल |
| | e] 1857 की तोप |
| | f] कृष्ण भक्ति |
| | g] 1947 की तोप |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए –** **4 x 1 = 4**

13. जुलूस का भार किस पर था?

14. शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना अलग क्यों होता है?

15. 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है?

16. आत्मत्राण कविता के अंत में कवि क्या अनुनय करता है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए। 8 x 2 = 16**

17. बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

18. धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

19. लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोजा क्यों रखा?

20. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धंस गए?

21. कविता में तोप को दो बार चमकाने की बात की गई है। ये दो अवसर कौन–से होंगे?

22. कवि ने किस तरह काफिले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है?

23. हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

**अथवा**

हरिहर काका के मामले में गांव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे?

24. इफ्फन की दादी अपने पीहर क्यों जाना चाहती थी?

**अथवा**

'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

**V. क) निम्नलिखित प्रश्नों के आशय स्पष्ट कीजिए : 3 x 3 = 9**

25. इम्तिहान को पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज है बुद्धि का विकास।

26. जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

27. छू न पाए सीता का दामन कोई
    राम भी तुम, तुम्ही लक्ष्मण साथियों

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों का तीन-चार वाक्यों में उत्तर दीजिए : 3 x 6 = 18**

28. चाय पीने के बाद लेखक ने क्या परिवर्तन महसूस किया?

29. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे?

30. मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है?

31. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए
कस्तूरी कुण्डली बसै, मृग ढूँढे बन माँहि।
ऐसे घटि-घटि राम हैं, दुनिया देखै नांहि।।

33. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :
मीराबाई का जन्म जोधपुर के चोकड़ी गाँव में हुआ। 13 वर्ष की उम्र में मेवाड़ के भोजराज से इनका विवाह हुआ। मीरा हिंदी और गुजराती दोनों की कवयित्री मानी जाती हैं।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पांच-छः वाक्यों में लिखिए। 1 x 4 = 4**

34. वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लेफ्टीनेट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ सारे हिन्दुस्तान में एक लहर दौड़ गई है? स्पष्ट कीजिए।

35. निम्नलिखित पद्य पूर्ण कीजिए। **1 x 4 = 4**

सारे शीतल ..................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

......................................................................तुझ में मिल।

**VII. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 4 x 1 = 4**

36. स्काउट शिक्षा द्वारा विद्यार्थी गण आत्मशासन की परिपाटी सीखते हैं। वे नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना, स्वाबलंबन, देश प्रेम, सेवाधर्म आदि उच्च आदर्शों को प्राप्त कर लेते हैं। स्काउट संस्था ऐसे-ऐसे खेल सिखाती है, जिनसे शारीरिक क्षमता तो आएगी, साथ ही बुद्धि भी तीव्र होती जाएगी। वह ऐसी-ऐसी पद्धतियाँ बताती है कि जनता की सेवा सुगमतापूर्वक हो सके, जैसे - आग बुझाने की रीति, पानी में डूबते हुए को निकालने की तरकीबें, जख्मी आदमी की प्रारंभिक चिकित्सा आदि।

**प्रश्न :**

a) स्काउट शिक्षा के द्वारा विद्यार्थीगण क्या सीखते हैं?

b) स्काउट शिक्षा द्वारा कैसे आदर्श प्राप्त करते हैं?

c) स्काउट शिक्षा से बुद्धि कैसे तीव्र हो जाएगी?

d) जनता की सेवा में सुगमतापूर्वक हो ऐसी कौन-सी पद्धतियाँ स्काउट सिखाती है?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 x 4 = 4**

37. (क) पर्यावरण की रक्षा में विद्यार्थियों का योगदान

* पर्यावरण का अर्थ
* प्रदूषण के कारण
* उपचार
* उपसंहार

(ख) 'इंटरनेट' आधुनिक ज्ञान भंडार

* इंटरनेट का अर्थ
* ज्ञान का भंडार
* उचित उपयोग
* उपसंहार

(ग) **'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'**

* भ्रूण हत्या की रोक
* बालिका शिक्षण का महत्व
* समाज में स्त्री का स्थान–मान
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 x 5 = 5**

38. कोई कारण बताते हुए 4 दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई की प्रगति के बारे में बताते हुए अपनी माता के नाम पर पत्र लिखिए।